RAMADHIN COLLEGE

Shiekhpura – 811105 (Bihar)
(A Constituent Unit of Munger University, Munger)
Email id: nss@rdcollege.ac.in | Website: www.rdcollege.ac.in
Est. 1969
NSS Office

Ref. No .... **Date :- 05-06-2026**

प्रेस विज्ञप्ति

विश्व पर्यावरण दिवस 2026 पर रामाधीन महाविद्यालय में पौधारोपण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर "Inspired by Nature. For Climate. For Our Future." थीम के अंतर्गत रामाधीन महाविद्यालय, शेखपुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास से संबंधित आकर्षक पोस्टर प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में कोमल कुमारी ने प्रथम, शगुफ्ता नाज़ ने द्वितीय तथा जिज्ञास कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) एमडी. शाहाब उद्दीन ने अपने संदेश में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना आवश्यक है। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नवलता ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम में डॉ. रणधीर कुमार (अंग्रेजी विभाग), श्री अंजनी कुमार (बीसीए विभाग), भीम कुमार, विजय कुमार, गौरव कुमार सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएँ गुलशन कुमार, जिज्ञास कुमार, देव कुमार, शगुफ्ता नाज़, धीरज कुमार, अमन कुमार, विक्की कुमार, संतोष कुमार, श्रेया कुमारी, कोमल कुमारी, निकिता कुमारी, स्नेहा कुमारी, अस्मिता कुमारी आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की शपथ एवं अधिकाधिक पौधे लगाने के संकल्प के साथ हुआ।

NSS Program Officer
(Dr. Navlata)